an>

Title: Need for urgent release of payment to Bihar under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Programme.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, महात्मा गांधी राÂट्रीय रोजगार गारण्टी योजना देश में एक महत्वपूर्ण रोजगार गारण्टी योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों और मजदूरों को रोजगार प्रदान करने की गरीबी हटाने में मदद मिल रही है। उन्हें अपने क्षेत्र में ही काम करने का मौका मिलता है। खास बात यह है कि महिलाओं को भी सशक्त करने में मनरेगा काफी हद तक सफल रही है। यह योजना दोहरे कार्यलक्ष्य को भी प्राप्त कर रही है, जैसे जल संरक्षण नवीकरण, ग्रामीण सम्पर्क पथ जैसी कई योजनाओं पर इससे कार्य किया जा रहा है। अब तो विश्व बैंक ने भी मनरेगा को सराहा है और संसार के सबसे बड़े लोक निर्माण कार्यक्रम में शामिल किया है।

अपने देश में करीब 18.50 करोड़ निम्न एवं मध्यम वर्ग की महिलाएं एवं पुरुÂ◌ा रोजगार गारण्टी कार्यक्रम से लाभ ले रहे हैं, लेकिन विगत दो वÂ◌ा◌ा◌ें से लगातार मनरेगा में बिहार में पैसा नहीं जा रहा है। मैं एक आंकड़ा देना चाहता हूं। 2012-13 में लगभग 20.88 लाख परिवारों को रोजगार मिला। 2014-15 में घटकर मात्र 10.59 लाख परिवारों को लाभ मिला। आश्चर्य तो तब होता है, जब 2015-16 में मात्र 2.72 लाख परिवारों को ही लाभ मिल रहा है।

मैं इस सदन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी से मांग करता हूं कि मनरेगा का जो पैसा है, राज्य सरकार को जल्द से जल्द भेजा जाये, जो लगातार गरीब और बी.पी.एल. परिवार के लोग हैं, जो उसमें काम करने वाले हैं, उनको पैसा आज तक नहीं मिला। लगातार वे बेरोजगारी के सवाल पर जूझ रहे हैं। मैं विनती करूंगा कि बिहार को मनरेगा का पैसा जल्द से जल्द दिया जाये, जिससे गरीबों को राहत मिले।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Rajeev Satav is allowed to associate with the issue raised by Shri Kaushalendra Kumar.